महिला छात्रावास भूमि पूजन में पूजन विधि पूर्ण करते माननीय कुलपति डॉ. सुरिन्दर सिंह एवं प्रथम शिला का निर्माण करते माननीय कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव

दिनांक : 15 जनवरी, 2025 | महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की सुविधा के लिए एक हजार की क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल बनेगा। विवि के विस्तार के कारण गर्ल्स हॉस्टल की दरकार हो गई थी। इसके निर्माण कार्य का भूमि पूजन बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया।

वैदिक मंत्रोच्चार बीच भूमि पूजन फरने के बाद कुलपति ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने कुलाधिपति एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अकादमिक प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर है। यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी विश्व स्तरीय स्वरूप में विकसित हो रहा है। इसी क्रम में यहां एक हजार छात्राओं की आवासीय क्षमता वाले हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। इस हॉस्टल के बन जाने से अधिकाधिक छात्राएं सुविधाजनक तरीके से आवासित होकर अपने अध्ययन कार्य को सुचारू ढंग से आगे बढ़ा पाएंगी। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में अकादमिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा 1475 सीट का ऑडिटोरियम बनकर तैयार है। इसका फिनिशिंग कार्य चल रहा है। इसके साथ ही 9500 की क्षमता का स्टेडियम भी बन रहा है। भूमि पूजन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जी.एन. सिंह, आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. ए.के. सिंह, इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट के साउथ एशिया निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह, बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के निदेशक डॉ. संजय माहेश्वरी, श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुशवाहा, आशीष सिंह, योगेन्द्र कुमार उपस्थित रहें।